मैट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, रविवार, 26 जनवरी 2025
संवत 2081, माघ कृष्ण 13- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 141, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने मोरहाबादी में फहराया तिरंगा, कहा

# लोकतंत्र का आधार है संविधान

संवाददाता

**रांची :** 76वें गणतंत्र दिवस पर आज रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झंडा फहराया। भव्य मार्च पास्ट और परेड की सलामी ली। इस मौके पर राज्यपाल ने 76वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए अपने राष्ट्र और अपनी संप्रभुता का गौरवगान करने का दिन है। देश के महापुरुषों के साथ-साथ झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने त्याग और बलिदान से हमें आजादी दिलाई और इस गौरवशाली गणतंत्र का निर्माण किया।

हमारा लोकतंत्र न सिर्फ सबसे बड़ा बल्कि जीवंत हैं: मोरहाबादी मैदान में आयोजित राजकीय कार्यक्रम में झंडोत्तोलन के बाद अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र, विश्व का न सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। इस महान लोकतंत्र का आधार है हमारा संविधान। राज्यपाल ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं। वह सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान करते हैं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों और कर्तव्यों का निर्वहन करें।

जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्रः राज्यपाल ने राज्य में हुए विकास के कई काम और जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा से सुशासन और न्याय के साथ राज्य के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया है।



**राज्य में कानून का राज**

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है और इसे बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई, 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 09 नक्सली मुठभेड़ में मार गिराए गए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य मे संगठित अपराध के कुल 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 04 अलकायदा के आतंकवादी हैं। साइबर अपराध नियंत्रण के तहत 898 लोगों की गिरफ्तारी हुई।

### सीएम हेमंत ने दुमका में किया झंडोत्तोलन

# महापुरुषों के बलिदान और त्याग को किया याद

संवाददाता

**दुमका :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दुमका के पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति की गोद में बसे संथाल परगना की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं वीर सपूतों की बलिदानी भूमि से मैं, समस्त झारखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देता हूं और आप सब का हार्दिक अभिनन्दन करता हूं।

श्री सोरेन ने कहा कि भारत के लिए गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि गौरव और सम्मान है। आज का यह दिन हमारे सम्प्रभुता एवं जनतंत्र के प्रति गहरी आस्था का राष्ट्रीय पर्व है। मैं, नमन करता हूं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को, पं जवाहरलाल नेहरू, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीदे आजम भगत सिंह और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर सहित उन महान विभूतियों को, जिनके नेतृत्व में हमारे देश ने स्वतंत्रता प्राप्त की और एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करना हमारी परम्परा रही है। इतिहास गवाह है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पहले भी झारखंड के कई आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र थे, जहां आजादी की लड़ाई लड़ी गई। झारखंड के ऐसे महान विभूतियों; भगवान बिरसा मुण्डा, तिलका मांझी, वीर शहीद सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, बहन फूलो-झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, शेख भिखारी, टिकैत उमरांव सिंह, पाण्डेय गणपत राय, शहीद विश्वनाथ शाहदेव को भी नमन करता हूं। उनकी संघर्ष गाथा आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं।



हेमंत सोरेन ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी, 1950 को हमने अपने संविधान को पूर्णतः लागू किया था। दासता के दुख भरे इतिहास को भुलाकर एक स्वर्णिम भविष्य की आकांक्षाओं के साथ हमने अपने संविधान को अपनाया और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया जहां न तो आर्थिक विषमता हो और न सामाजिक भेद-भाव। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना है और इन्हीं आदर्शों से उस ठोस आधारशिला का निर्माण हुआ है, जिन पर हमारा गणतंत्र मजबूती से खड़ा है।



न्यूज ब्रीफ

## सिल्ली- मुरी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**मुरी:** जिप सदस्य वीणा देवी ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय सिल्ली में झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। भारत माता की जय,बन्दे मातरम के नारे लगाए गए। इसी तरह प्रखंड में प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, सिल्ली थाना दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी कुन्दन कुमार,रूडसेट में संजीत कुमार, ग्राम विकास मध्य विद्यालय सिल्ली में सुधांशु रंजन ने झंडोत्तोलन किया। बच्चों के बीच मिठाई बांटी गई।

## एएसएसपीएल ग्रुप ऑफ कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन



रांची : राष्ट्रीय मतदान दिवस (25 जनवरी) के शुभअवसर पर अशोकनगर मोहन कॉम्प्लेक्स में कंपनी के ब्रांड एंबेसडर रोहित कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में छात्र क्लब ग्रुप के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांस,लायंस क्लब रांची हरि कनक ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश केडिया,सचिव अमित मिश्रा,विजय पाठक,सांसद श्री संजय सेठ जी के कार्यालय प्रभारी कंवलजीत सिंह मौजूद थे।कार्यक्रम का शुभारंभ टी।सीरीज,आस्था चैनल के सिंगर वीणाश्री द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं भक्तिमय संगीत से हुआ।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा,सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में अलख जगाने वाले एवम राष्ट्रीय महापर्व मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने वाले लोगों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।मौके पर झारखंड में बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने वाले कंपनी के ब्रांड एंबेसडर रोहित कुमार ने कहा आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज सेवियों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया जाएगा साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दिए।आज राष्ट्रीय मतदान दिवस पर निम्नलिखित लोगों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

सुबोध कुमार,रविंद्र कुमार,अजय कुमार,विशुन साहू,नारायण साहू, रवींद्रनाथ ठाकुर,दीपक कुमार, सौरभ कुमार,नरेंद्र कुमार,सुरेंद्र कच्छप,दीवानी महतो,नम्रता सोनी,विजय पाठक,कमलजीत सिंह,वीणाश्री,पिया बर्मन आदि।

छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए एवं राष्ट्रीय मतदान दिवस की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम समापन की घोषणा किए।

## मंत्री संजय यादव ने जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**धनबाद:** जिले में श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव शनिवार को सर्किट हाउस पहुंचे। डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एचपी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री संजय प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एचपी जनार्दनन ने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर श्रम विभाग के कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह प्रचार रथ धनबाद जिला के सभी प्रखंडों के गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने अपील की कि जो भी मजदूर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते हैं, वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रूप में श्रम विभाग में जरूर करवायें। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लाभुक जागरूक हो और योजनाओं का लाभ ले सकें। मंत्री संजय प्रसाद ने कहा कि हमारे मजदूर बाहर पलायन कर जाते थे। बिचौलिए और दलाल बहला फुसला कर मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्य ले जाया करते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह निर्णय लिया है कि जो भी हमारे भाई दूसरे राज्य में काम करने किए जाते हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन करा सकें, ताकि आए दिन जो बिचौलिए उन्हें दूसरे राज्य में ले जाकर मारपीट करते हैं, उनके एटीएम और मोबाइल छीन लेते हैं, वैसी घटनाओं पर विराम लग सके। उन्होंने कहा कि हमारे मजदूर भाइयों को प्रताड़ना ना झेलना पड़े, इसलिए ये कदम उठाया गया है। मंत्री ने कहा कि फैक्ट्रियों में हादसा होने के बाद मजदूरों को सही मुआवजा नहीं मिल पाता है। मजदूरों का अगर हमारे विभाग में रजिस्ट्रेशन रहेगा तो वह हमारे नियंत्रण में रहेगा। इससे पता चलेगा कि मजदूर कहां, किस फैक्ट्री में मजदूरी का काम कर रहे हैं। उनका पूरा डाटा विभाग के पास उपलब्ध रहेगा। अगर कोई हादसा होता है तो उन्हें उचित मुआवजा मिल सकेगा। सरकार की तरफ से जो मुआवजे का प्रावधान है, वह भी उसके परिवार को मिल सकेगा। इसी कार्य के लिए सरकार लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है।

## डकैती की वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे, पुलिस ने हथियार समेत दबोचा

धनबादः जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे तीन अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इनके पास पिस्टल, गोली व अपराध में इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने क्राइम मीटिंग में नाइट पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिया था. नाइट पेट्रोलिंग के दौरान बरवाअड्डा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. जिले में डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे तीन शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सभी को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के समीप से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक रॉड, एक देसी कट्टा, गोली समेत अन्य सामान बरामद किया गया है.

### मसानजोर डैम के किनारे इको कॉटेज रिजॉर्ट का सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन, कहा

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतर जा रहा है



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार दुमका के मयूराक्षी नदी पर अवस्थित मसानजोर डैम के किनारे सात करोड़ की लागत से लकड़ी से निर्मित इको कॉटेज रिजॉर्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतर जा रहा है। उसी की एक कड़ी है यह कॉटेज। इसका निर्माण वन विभाग के द्वारा किया गया है। इसके निर्माण में लगभग 02 वर्ष लगे।

दो दिवसीय दौरे पर सीएम पहुंचे दुमका

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दो दिवसीय कार्यक्रम में दुमका पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे वे सड़क मार्ग से मसानजोर पहुंचे। यहां उन्होंने वन विभाग द्वारा बनाए गए इको कॉटेज का उद्घाटन किया। सीएम के साथ दुमका सांसद नलिन सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, जामा विधायक लुईस मरांडी भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मसानजोर डैम के किनारे बने इस कॉटेज को आज जनता को सुपुर्द किया। निश्चित रूप से मयूराक्षी नदी के तट पर बने इस कॉटेज को काफी आकर्षक तरीके से बनाया गया है, जो यहां पर्यटन को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में कई काम कर रही है।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में पर्यटन के साथ पर्यावरण का विशेष ख्याल रखने के लिए इको टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यहां इको फ्रेंडली रिजॉर्ट बनाया गया है। यहां हम आपको बता दें कि इको फ्रेंडली रिसॉर्ट में 25 कॉटेज हैं, जिनमें 10 प्रीमियम और 15 डीलक्स शामिल हैं। यहां कैफेटेरिया के साथ जिम और पार्किंग की व्यवस्था है। पर्यटक यहां स्पीड बोटिंग का भी पूरा लुत्फ उठा सकेंगे। इसके साथ उन्होंने समस्त राज्यवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दीं।

# अंचल कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



मेट्रो रेज संवाददाता

मांडरः मांडर अंचल कार्यालय में आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। झंडोत्तोलन मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का एवं उप प्रमुख अमानत अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

समारोह के दौरान मांडर अंचल अधिकारी चंचला कुमारी ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया। अपने संबोधन में उन्होंने गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व और संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों को अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार, विधायक प्रतिनिधि रशीद अंसारी, समाजसेवी रबुल अंसारी, मांडर वन विभाग के रेंजर सुरेंद्र सिंह शामिल थे। इसके अलावा, मांडर प्रखंड के ग्रामीण और अन्य गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में समारोह में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की गई। इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र के लोगों में उत्साह और एकता का संदेश दिया।

# ऑक्सब्रिज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**मांडरः** मांडर स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्कूल के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद देशभक्ति नाटकों और नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए यूनिटी इन डाइवर्सिटी की झलक पेश की गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9 के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। उन्होंने 'टेसला कॉयल', 'विंड एनर्जी', 'सोलर सिस्टम', 'मैजिक विद केमिस्ट्री' सहित कई शानदार मॉडल प्रस्तुत किए, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इस मौके पर स्कूल के निदेशक तौफीक आलम, प्राचार्य इवोन ई. एक्का, शिक्षकगण और सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र सिंह ने किया, जबकि कक्षा 8 की छात्रा जेनिफर ने गणतंत्र दिवस पर एक प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया।

आयोजन की सफलता पर स्कूल प्रशासन और छात्रों को बधाई दी गई। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं।

# मतदाता दिवस विशेषः झारखंड को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का नेशनल अवार्ड



## राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, सीईओ ने जताया आभार

रांची/नई दिल्लीः राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर निर्वाचन में शानदार प्रदर्शन करने के लिए झारखंड को पहली बार बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का नेशनल अवार्ड मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के जोरावर ऑडिटोरियम स्थित माणिकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड को इस सम्मान से नवाजा।

कार्यक्रम में शामिल झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के।रवि कुमार ने इस उपलब्धि के लिए राज्य के सभी वोटर्स, सभी बीएलओ, सभी मतदान कर्मी, पुलिस के पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवानों, राजनीतिक दलों और मीडिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण निर्वहन का श्रेय निर्वाचन के काम में लगे सभी स्टेकहोल्डर को जाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी के एकजुट प्रयास की वजह से यह सम्मान मिला है।

आपको बता दें कि पिछले साल हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीईओ के। रवि कुमार ने कई नई पहल की थी। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वोटर लिस्ट को एकीकृत और समावेशी बनाते हुए इससे जुड़ी खामियों को शून्य स्तर पर लाने की कोशिश की गई थी। इसके लिए बीएलओ द्वारा कई बार वोटर्स के घर जाकर सत्यापन कर स्टीकर चिपकाया गया था।

साथ ही बूथों पर वोटर्स की बुनियादी जरुरतों का पूरा ख्याल रखा गया था। खास बात थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी 2 किलोमीटर से दूर मतदान केंद्र था, वहां के वोटर्स को केंद्र तक लाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था की गई थी। वहीं नक्सल प्रभावित इलाकों में पहली बार शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराया गया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की पहल से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुगमता के लिए 1 लाख 20 हजार से अधिक वॉलेंटियर को ट्रेनिंग दी गई थी, जिन्होंने वृद्धजनों और दिव्यांग को वोटिंग कराने में मदद की थी। साथ ही क्यू मैनेजमेंट में अहम भूमिका निभाई थी।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी चेकपोस्ट को सीसीटीवी से लैस करते हुए मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर की वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गई थी। दोनों चुनाव के दौरान वोटर्स को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत जागरुकता अभियान चलाए गए थे। इसकी वजह से लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड हुआ। विधानसभा चुनाव में महिला वोटर्स के मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि देखी गई थी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवसः चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जहां झारखंड को बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं रांची में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की मौजूदगी में आयोजित की गई।

दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार सम्मानित हुए। वहीं रांची के आर्यभट्ट सभागार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई जिला उपायुक्त के अलावा पुलिस पदाधिकारी और बीएलओ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों सम्मानित किए गए।

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस लोकतंत्र के प्रति हमारे संकल्प और नागरिक जिम्मेदारियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का मतदान करना न केवल उसका संवैधानिक अधिकार है बल्कि एक परम कर्तव्य भी है। उन्होंने झारखंड की जनता से आग्रह किया कि वे सदैव जाति, धर्म, भाषा या प्रलोभनों से ऊपर उठकर मतदान करें पूरे विवेक के साथ मतदान करें।

इस कार्यक्रम के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ईवीएम को लेकर उठाए जा रहे सवाल बेबुनियाद हैं। हमारे देश की निर्वाचन पद्धति को दुनिया ने सराहा है जब हम कभी अपनी कमी छुपाना चाहते हैं तो इस तरह की बातें करते हैं।

इन्हें किया गया सम्मानित

कुलदीप चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त, प० सिंहभूम, मेघा भारद्वाज, जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-उपायुक्त, कोडरमा, कर्ण सत्यार्थी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-उपायुक्त, गुमला, साकेत कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक अमोल वी। होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह-नोडल पुलिस पदाधिकारी, झारखंड, माइकल राज, पुलिस महानिरीक्षक, अनुप बिरथरे, पुलिस महानिरीक्षक, इंद्रजीत महथा, पुलिस उप महानिरीक्षक, धनंजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रीष्मा रमेशन, पुलिस अधीक्षक, पलामू, इनके अलावा विभिन्न जिलों के बीएलओ को भी सम्मान मिला है। इनमें बालिका सरदार, बीएलओ, खरसावां विधानसभा, निरोधी हेम्ब्रोम, बीएलओ, जामताड़ा, सविता देवी, बीएलओ, कांके, विधानसभा, सीमा देवी, बीएलओ, बिश्रामपुर, मीरा देवी, बीएलओ, बोकारो के नाम शामिल हैं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का इस बार का थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम है। इस मौके पर राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के प्रति हम जागरूकता फैलाते रहे हैं। हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि सही जनप्रतिनिधि चुने क्योंकि हमें यह दुनिया के अन्य देशों के अपेक्षा सुखद अवसर मिला है कि आजादी के बाद से ही प्रत्येक नागरिक को मत देने का अधिकार है और इसी से हमारा समानता का अधिकार देखने को मिलता है। हर नागरिक अपने मत के बल पर जनप्रतिनिधि को चुनता है इसलिए मतदान तो अवश्य करें मगर इस बात का जरूर ध्यान रखें कि हमें सही और अच्छा जनप्रतिनिधि मिले। इस कार्यक्रम में जहां 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए युवा मतदाता को पहचान पत्र देकर मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। वहीं अति वरिष्ठ कई मतदाताओं को चुनाव आयोग के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मतदान के प्रति उपस्थित लोगों ने शपथ ली।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई–निविदा सं. 42255066 दिनांक 21.01.25 को, जिसकी बंद होने की तारीख 24.02.25 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं. निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल / संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे। मैनुअल (ई–निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नही दिया जायेगा। आपूर्ति का विवरण: RMPU FOR DOUBLE DECKER EOG TYPE CHAIR CAR COACHES, AS PER DRAWING/ SPECIFICATION: RDSO/PE/SPEC/AC/0134- 2009, REV-0, WITH RCF AM-3, (WITH BELLOW DUCT MADE OF META ARAMID/PARA ARAMID FABRIC WITH SILICON RUBBER COATING ON BOTH SIDES TO SPEC. NO.RDSO/PE/SPEC/AC /0197, REV0)WITH DRG. NO. RDSO/ PE/SK/AC /0069-2004, REV-3 ALONG WITH RDSO L.NO.EL/7.2.2 DT. 03.05.2022, मात्रा: 04. सेट्स, निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय: ई–निविदा को 24.02.2025 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है. वैबसाईट विवरण: ireps.gov.in

109-PS/25

हमें @NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई– निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई–निविदा सं. 42245625B दिनांक 21.01.25 को, जिसकी बंद होने की तारीख 20.02.25 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे। मैनुअल (ई–निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। आपूर्ति का विवरण: Set of PU Foam as Cushion Material (For Retro fitment of Berth and Seats) as per FST Properties conforming to EN 45545 Part-2 HL-3 and conforming to RDSO Spec.No.- MMDTS-19020 Rev.-5 dt. 01.03.2023/ Silicon Foam for Seat & Berth as per RDSO Specification No. RDSO/2013/CG-13 (Rev 1) AND Fire Properties to EN 45545 Part-2 HL-3 OR Latest for LHB Third AC (LWACCN) Coaches. Description & Quantity of one set as per Attached Annexure A, मात्रा: 288 सेट्स, निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय: ई निविदा को 20.02.2025 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है, वेबसाइट का विवरण: ireps.gov.in

108-PS/25

हमें @NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें




# जेके इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस





मेट्रो रेज

**रांची :** जेके इंटरनेशनल स्कूल अगरु में आज धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए भारत के वीर शहीदों को याद किया। प्राचार्या खुशबू झा ने झंडोत्तोलन किया । उन्होंने गणतंत्र दिवस से संबंधित भाषण देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रकृति अपने नियमानुसार चलती है उसी प्रकार हमें भी सभी नियमों का पालन करना चाहिए । अनुशासित व्यक्ति को हमेशा सफलता मिलती है। आज हम अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं । संविधान बनाने में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सबसे अहम भूमिका रही । इसके उपरांत विद्यालय परिसर में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विद्यार्थियों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें वीर सिपाहियों की झलक देखने को मिली । छोटे-छोटे विद्यार्थियो ने अपने नृत्य से सबका दिल जीत लिया । विद्यालय प्रांगण में देशभक्ति की लहर ने चारों तरफ खुशियों का माहौल बिखेर दिया । कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा ।






































## षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को किन चीजों का भोग लगाना चाहिए?

षटतिला एकादशी का व्रत सभी व्रतों में महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन काले तिल से संबंधित चीजों का भोग लगाना, और चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी जातक के जीवन में कोई परेशानी आ रही है तो इस दिन श्रीहरि की पूजा करने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं और सौभाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। अब ऐसे में षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को किन चीजों का भोग लगाना शुभ माना जाता है।

### भगवान विष्णु को लगाएं काले तिल के लड्डू का भोग

भगवान विष्णु को काले तिल के लड्डू का भोग लगाने का विशेष महत्व है। तिल को पवित्र और शुभ माना जाता है, और विशेष रूप से काले तिल का उपयोग संस्कृतियों में शुद्धिकरण और पाप नाश के रूप में होता है। काले तिल को दान करने और भगवान को भोग लगाने से पुण्य मिलता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। काले तिल को भगवान विष्णु को अर्पित करने से व्यक्ति की समृद्धि और खुशहाली में वृद्धि होती है।

### भगवान विष्णु को लगाएं गुड़ का भोग

ज्योतिष शास्त्र में गुड़ को सौभाग्यशाली माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान विष्णु को गुड़ का भोग लगाने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं और मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। गुड़ को पुण्य प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण मिष्ठान माना गया है। इसलिए भगवान विष्णु को गुड़ का भोग अवश्य लगाएं।

### भगवान विष्णु को लगाएं पीले लड्डू का भोग

भगवान विष्णु को पीले मिठाई का भोग जरूर लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि पीले मिठाई का भोग लगाने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी हो सकती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। आप बूंदी के लड्डू या बेसन के लड्डू का भी भोग लगा सकते हैं। इससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं। बता दें, विष्णु भगवान को भोग अर्पित करने से जीवन में चल रही समस्याओं का समाधान मिलता है। विशेषकर यदि कोई व्यक्ति किसी कठिनाई का सामना कर रहा हो, तो भगवान विष्णु के पास भोग अर्पित करने से उनके जीवन में सुधार हो सकता है।



# कब है मौनी अमावस्या? पूजा मुहूर्त और महत्व

हिन्दू धर्म में 12 अमावस्या तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है माघ माह की अमावस्या जिसे मौनी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या भी कहते हैं। मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान और दान करने से जीवन के दुख दूर होते हैं और घर में खुशहाली बनी रहती है। इसके अलावा, देवी-देवताओं के साथ-साथ ग्रहों की भी कृपा होती है। इस बार की मौनी अमावस्या और भी अधिक खास है क्योंकि यह महाकुंभ के दौरान पड़ रही है और इस दिन शाही स्नान भी किया जाएगा।

### मौनी अमावस्या 2025 कब है?

माघ माह की अमावस्या तिथि का आरंभ 28 जनवरी, दिन बुधवार को शाम 7 बजकर 35 मिनट पर होगा। वहीं, इसका समापन 29 जनवरी, दिन गुरुवार को शाम 6 बजकर 5 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, मौनी अमावस्या 29 जनवरी को मनाई जाएगी।

### मौनी अमावस्या 2025 शुभ मुहूर्त

मौनी अमावस्या यानी कि 29 जनवरी के दिन सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त से रात 9 बजकर 22 मिनट तक सिद्धि योग रहेगा। इसके बाद व्यतीपात योग लग जाएगा। इस दिन 5 योगों का निर्माण हो रहा है जो पूजा के लिए शुभ सिद्ध हो सकते हैं।

मौनी अमावस्या के दिन लाभ-उन्नति योग सुबह 7.11 मिनट से सुबह 8 .32 मिनट तक रहेगा।

फिर सुबह 8.32 मिनट से 9.53 मिनट तक अमृत-सर्वोत्तम योग रहेगा। शुभ-उत्तम योग सुबह 11.14 मिनट से दोपहर 12.34 मिनट तक है।

इस दिन दोपहर 3.16 मिनट से शाम 4.37 मिनट तक चर-सामान्य योग है। आखिर में शाम 4.37 मिनट से शाम 5.58 मिनट तक लाभ-उन्नति योग बन रहा है। स्नान दान के लिए ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5.25 मिनट से 6.18 मिनट तक रहेगा।

### मौनी अमावस्या 2025 महत्व

सनातन धर्म में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा का जल अमृत के समान माना जाता है। मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन लोग मौन व्रत भी रखते हैं।



## मौनी अमावस्या के दिन पानी में क्या मिलाकर नहाएं?

इस बार मौनी अमावस्या के दिन घर पर नहाने के पानी में 3 वस्तुएं मिलाकर जरूर स्नान करें, इससे अनेकों लाभ प्राप्त होंगे। ऐसे में आइये जानते हैं कि पानी में क्या-क्या मिलाकर मौनी अमावस्या के दिन स्नान करना शुभ सिद्ध होगा।

**स्नान के पानी में मिलाएं कपूर** - कपूर का संबंध शुक्र ग्रह से माना गया है। ज्योतिष शास्त्र कहता है की अमावस्या तिथि पर पानी में कपूर मिलकर नहाने से सौंदर्य में वृद्धि होती है और राहु का दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है। ऐसे में मौनी अमावस्या के दिन कपूर मिश्रित जल से अवश्य नहायें। इससे आपको चरम रोग में भी आराम मिल सकता है एवं राहु के कारण करियर या आर्थिक स्थिति में बढ़ रही परेशानियां भी नष्ट होंगी।

**पानी में मिलाएं हल्दी**- मौनी अमावस्या के दिन हल्दी को पानी में मिलाकर स्नान करने से जहां एक ओर बृहस्पति ग्रह कुंडली में मजबूत होते हैं तो वहीं, वैवाहिक जीवन में पसरे क्लेश से भी छुटकारा मिल जाता है। आगरा आपके प्रेम विवाह में दिक्कतें आ रही हैं या फिर रिश्ते की बात कहीं बन नहीं पा रही है तो ऐसे में हल्दी के पानी से मौनी अमावस्या के दिन स्नान अवश्य करें। इससे आपको लाभ पहुंचेगा।

**स्नान के पानी में मिलाएं लौंग** - लौंग का प्रतिनिधित्व शनि और बुध ग्रह करते हैं। जहां एक ओर लौंग के पानी से मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने से शनिदेव की कृपा होती है और उनकी वक्री दृष्टि व्यक्ति पर से हट जाती है तो वहीं, बुध ग्रह की शुभता भी मिलती है और बुद्धि एवं भाग्य तेजमय बनते हैं। इसके अलावा, पानी में लौंग डालकर नहाने से बुरी नजर या नकारात्मक ऊर्जा भी नष्ट हो जाती है।

## मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान न करें ये गलतियां पड़ सकता है बुरा असर


**महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ था और 26 फरवरी को इसका समापन होगा। जहां एक ओर अब तक 2 अमृत स्नान हो चुके हैं, पौष पूर्णिमा एवं मकर संक्रांति के दिन तो वहीं, अब अगला अमृत स्नान माघ अमावस्या यानी कि 29 जनवरी, बुधवार के दिन है।**

माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान करने का विशेष महत्व ज्योतिष शास्त्र में बताया जा रहा है। ज्योतिष गणना के आधार पर इस दिन कुछ दिव्य योगों का निर्माण हो रहा है जिसके कारण मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान करने का अत्यधिक लाभ लोगों को प्राप्त होगा, लेकिन ज्योतिषाचार्य ने हमें बताया कि इस दिन अमृत स्नान के दौरान कुछ बातों का ख़ास ख्याल रखें और गलतियां करने से बचें नहीं तो बुरा प्रभाव जीवन पर पड़ सकता है।

### मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में अमृत स्नान के नियम

मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान पितरों का ध्यान करते हुए उनके नाम की एक डुबकी त्रिवेणी संगम में अवश्य लगाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमावस्या तिथि पितरों के आधीन मानी गई है। ऐसे में इस दिन अमृत स्नान करते हुए अगर पितरों का ध्यान किया जाए और उनके नाम की डुबकी लगाई जाए तो इससे पितृ प्रसन्न होंगे और कृपा बरसाएंगे। मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान इस बात का ध्यान रखें की महाकुंभ में स्नान के बाद दान अवश्य करें। जरूरी नहीं की आप कोई बड़ा दान करें। अपनी क्षमता अनुसार ही दान करना चाहिए, बस श्रद्धा पूर्ण रूप से रखें। मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के बाद दान करने से घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और आर्थिक स्थिति सुधरती है।

मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान मां गंगा के 3 प्रमुख मंत्र - ऊँ नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः, ऊँ पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात। और गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु।। का जाप अवश्य करें। इससे पुण्यों में वृद्धि होगी और मां गंगा की कृपा मिलेगी। मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान गंगा में 3 वस्तुएं अवश्य प्रवाहित करें। तीन चार दाने काले तिल के मां गंगा के चरणों में स्नान के बाद भेंट करें। इसके अलावा, आटे के दीपक में कपूर जलाकर मां गंगा की आरती करें और फिर उसे जल में प्रवाहित कर दें। आखिरी वस्तु है पुष्प, सिर्फ एक गेंदे का फूल मां गंगा को अर्पित करने से कष्टों का नाश होगा।



## षटतिला एकादशी के दिन तिल के तेल का दीया जलाने से क्या होता है?

माघ माह के कृष्ण पक्ष की षटतिला एकादशी इस साल 25 जनवरी, दिन शनिवार को पड़ रही है। षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की आराधना की जाती है और उन्हें तिल अर्पित किये जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु के समक्ष तिल के तेल का दीया जलाना चाहिए।

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सफेद तिल सूर्य देव का प्रतिनिधित्व करते हैं और काले तिल शनिदेव का प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में षटतिला एकादशी के दिन तिल के तेल का दीया जलाने से सूर्य और शनि की स्थिति कुंडली में मजबूत होती है। व्यक्ति को दोनों ग्रहों की कृपा मिलती है। कुंडली में अगर शनि या सूर्य दोष के कारण जीवन में परेशानियां आ रही हैं तो वह दोष दूर होता है और समस्याओं में कमी आने लगती है। ऐसा माना जाता है कि षटतिला एकादशी के दिन तिल के तेल का दीया जलाने से साढ़े साती के दौरान मिलने वाला कष्ट धीरे-धीरे समाप्त होता जाता है। सूर्य देव की कृपा से व्यक्ति को सफलता की प्राप्ति होती है। अगर किसी के जीवन में तरक्की रुक गई है और अनेकों प्रयासों के बाद भी तरक्की के मार्ग नहीं खुल रह हैं तो षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु के समक्ष सफेद तिल को घी में डालकर दीया जलाएं। कपूर के साथ भी जला सकते हैं।

सफेद या काले तिल का दीया या फिर दोनों को मिलाकर कपूर के साथ दीया जलाने से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का साथ में आशीर्वाद मिलता है और घर में सुख-समृद्धि स्थापित होने लगती है। घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है और सकारात्मकता का संचार शीघ्रता से बढ़ने लगता है। षट्तिला एकादशी के दिन भगवाना विष्णु की पूजा के बाद एक मिट्टी का दीया लें। उसमें 5 कपूर और एक मुट्ठी सफेद एवं काले तिल मिलाकर डालें। फिर उपर से थोड़ा घी डालें और फिर दीया प्रज्वलित करें। ध्यान रहे कि भगवान विष्णु के समक्ष सुबह दीया जलाना के साथ ही संध्या में भी जलाएं।

## षटतिला एकादशी के दिन करें ये उपाय, बनी रहेगी सुख-शांति

षटतिला एकादशी पर तिल का दान विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। इससे शनिदेव की कृपा मिलती है और व्यक्ति की नौकरी, व्यवसाय एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। ऐसे में षटतिला एकादशी के दिन काले तिलों का दान करें। साथ ही, यह उपाय कष्टों और पापों से मुक्ति दिलाने में मदद करता है।

षटतिला एकादशी के दिन सुबह उठकर स्नान करने के बाद भगवान विष्णु की पूजा से भी पहले सूर्य देव को जल अर्पित करें। जल में काले तिल अवश्य मिला लें। इससे भाग्य का साथ मिलता है, सौभाग्य में वृद्धि होती है और जीवन में सफलता में आ रही बाधाएं भी नष्ट होने लग जाती हैं। तरक्की के मार्ग खुलते हैं।

षटतिला एकादशी के दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ अवश्य करें। इसके अलावा, घर के मंदिर में गेंदे के फूल को लाला कपड़े में बांधकर अगले दिन द्वादशी तक रखें फिर जल में फूल प्रवाहित कर दें। इससे घर में मौजूद पारिवारिक क्लेश दूर होगा और सदस्यों के बीच आपसी प्रेम एवं तालमेल में वृद्धि होगी।





# षटतिला एकादशी के दिन काले तिल का क्या है ज्योतिष और धार्मिक महत्व?

**सनातन धर्म में सभी एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। जिसमें से एक षटतिला एकादशी है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति के जीवन में कोई समस्या आ रही है तो षटतिला एकादशी के दिन उपायों को करने से लाभ हो सकता है। आपको बता दें, षटतिला एकादशी के दिन काले तिल का भोग लगाना और भगवान विष्णु को काले तिल अर्पित करने का विशेष महत्व है। अब ऐसे में षटतिला एकादशी के दिन काले तिल का क्या महत्व है।**

### षटतिला एकादशी के दिन काले तिल का महत्व क्या है?

काले तिल को भगवान विष्णु का प्रिय अन्न माना जाता है। षटतिला एकादशी को भगवान विष्णु को समर्पित किया जाता है, इसलिए इस दिन काले तिल का उपयोग करके उनकी पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि काले तिल का दान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। काले तिल का दान करने से पितृ दोष दूर होता है और पितरों को शांति मिलती है। काले तिल का दान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। आपको बता दें, षटतिला से अर्थ है तिल। इसलिए इस दिन काले तिल भगवान विष्णु को चढ़ाना, पितरों को काले तिल अर्पित करें, काले तिल का दान करना, काले तिल के तेल का दीपर जलाना और यहां तक कि काले तिल को पानी में डालकर स्नान करना बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन जितना हो सके, काले तिल का प्रयोग विशेष रूप से करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### काले तिल का धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, काले तिल को मोक्षदायक माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, काले तिल का दान करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास में काले तिल का दान और उबटन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे दान करने से पुण्य मिलता है और व्यक्ति के जीवन में समृद्धि आती है। काले तिल का उपयोग सूर्य देवता की पूजा में भी किया जाता है। इसे सूर्योदय के समय जल में मिलाकर अर्पित करने से सूर्य देवता की कृपा प्राप्त होती है। भगवान श्री कृष्ण को काले तिल अर्पित करने से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी होती हैं और उनका जीवन सुखमय होता है।

### काले तिल का ज्योतिष महत्व

तिल का ज्योतिष में उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और शुभ फलों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। माघ माह में तिल का सेवन और दान करने से मंगल ग्रह के प्रभाव में सुधार हो सकता है। इसे मानसिक शांति और समृद्धि के लिए भी लाभकारी माना जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

## न्याय मित्र के द्वारा भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबगंज:** झालसा रांची के निदेर्शानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहिबगंज अखिल कुमार द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों लीगल एड डिफेन्स कौंसिल न्याय रक्षकों एवं न्यायालय कर्मियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने मताधिकार के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और उन्हें लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रतिनियुक्त पैरा लीगलवालंटियर न्याय मित्र के द्वारा भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें अपने मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, वरीय सिविल जज -सह- न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, मुख्य लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल न्यायलय के कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड क्षेत्र के सिंगा फुटबॉल मैदान बरहेट झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के सिंगा फुटबॉल मैदान बरहेट झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक जिला संयोजक प्रमुख सदस्य मनोज सोरेन अध्यक्षता में प्रखंड कमेटी का सर्व समिति किया गया।जिसमें प्रखंड अध्यक्ष धर्मल किसको कार्यकारी अध्यक्ष दिलदार अंसारी उपाध्यक्ष अब्दुल,रतीफ अंसारी मोहम्मद ताहिर अंसारी,महामंत्री प्रेमचंद पंडित संयुक्त मंत्री मोहम्मद इरतेजा अंसारी सहायक मंत्री मुतुर्जा अंसारी सहायक मंत्री जीतू हसदा कार्यालय मंत्री सामीयल बास्की कोषाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज अंसारी संगठन मंत्री उदरन हंसदा सदस्य चरण किसको प्यारी बेसरा शहाबुद्दीन अंसारी बबलू किस्कू।
इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव केंद्र सहायक मंत्री गणेश ठाकुर केंद्र उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी बनारस मरांडी की देखरेख प्रखंड स्तरीय विस्तार हुई।

मंत्री ने आंदोलनकारियों को किया सम्मानित, बोले

## आपके बलिदान और संघर्ष का परिणाम है राज्य का गठन



चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में कोल्हान विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में झारखंड आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 181 आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सरकार के राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने की। इस समारोह में सिंहभूम प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केसरी, कोल्हान पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज रतन चौथे, जिला दंडाधिकारी कुलदीप चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि आज झारखंड आंदोलन में अपना बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण आप सभी के बलिदान और संघर्ष का परिणाम है। राज्य सरकार आंदोलनकारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री दीकर बिरुआ ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगी। वहीं, उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। समारोह में उपस्थित सभी आंदोलनकारियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर सभी ने मतदान करने की शपथ ली।

## लातेहार में पुल के नीचे गिरा बोलेरो, एक की मौत, पांच घायल

**लातेहार:** जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड में औरंगा नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर एक बोलेरो पुल के नीचे गिर गई. इस घटना में एक व्यक्ति की मौतं हो गई. मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के पेशरार गांव निवासी योगेंद्र सिंह के रूप में की गई है. जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए. घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है. दरअसल, बोलेरो पर सवार होकर सभी लोग एक शादी समारोह में छिपादोहर गए थे. वैवाहिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान औरंगा नदी के पास तीखे मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित हो गई और पुल के नीचे गिर गई. इस घटना में गाड़ी पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बाद में सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला और सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा. जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया. जबकि अन्य घायलों को भर्ती कराया गया.

# आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सरकार पूरी तत्पर



बिनय मिश्रा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। वर्तमान समय में राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के साथ साथ सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादे किए, उन सभी को पूरा करते हुए राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजभवन, दुमका में लोगों से संवाद करते हुए कही। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे लोगों ने राज्य सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की प्रशंसा की। मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का यथोचित और शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# धनबाद में छात्रों के बीच मारपीट, तीन छात्र घायल

**धनबादः** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मनईटांड़ माड़ी गोदाम के पास निजी स्कूल के छात्रों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटी है। मारपीट की घटना में करीब तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। दरअसल, माड़ी गोदाम के पास निजी स्कूल के कक्षा 6 व कक्षा 9 के छात्रों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। शनिवार को स्कूल के बाहर निकलने पर कक्षा 9 के छात्रों ने कक्षा 6 के छात्रों पर कैची, चाकू से हमला कर दिया। इस मारपीट व हमले में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने मामले की जानकारी धनसार पुलिस को दे दी है। वहीं घायल छात्र ने कहा कि पहले से 9वीं क्लास के छात्र के छोटे भाई से विवाद था। उसी को सुलझाने के लिए गए तो मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद दूसरे लड़कों ने कैंची और छुरी से हमला कर घायल कर दिया है। वहीं दूसरे पक्ष के छात्र का कहना है कि पहले से ये लोग घात लगाये हुए थे, जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। उसके ही कैंची और छुरी छीनकर खुद का बचाव करने के दौरान उसने छुरी चला दी। इस मामले की जानकारी मिलने पर धनसार पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं हमला करने वाले छात्र मौके पर मौजूद हैं। घायल बच्चे ने मीडिया को बताया कि स्कूल आने के दौरान छात्रों ने उनपर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# झारखंड इवनिंग डिग्री कॉलेज में मना गणतंत्र दिवस, तिरंगे को दी गयी सलामी

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमा:** गणतंत्र दिवस पर के अवसर पर झारखंड इवनिंग डिग्री कॉलेज झुमरी तिलैया कोडरमा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार यादव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प चढ़कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। भारत की आजादी में प्राण की आहुति देने वाले को नमन करते हुए कहा कि हमारे संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता, और न्याय जैसे अधिकार दिए हैं। यह केवल एक पुस्तक नहीं है, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। आज हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं, जिनकी कुर्बानियों ने हमें यह दिन देखने का सौभाग्य दिया। लेकिन साथ ही, यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का सम्मान करें और अपने कर्तव्यों को निभाएँ। देश का भविष्य आप सभी युवा पीढ़ी के हाथों में है। आपके छोटे- छोटे प्रयास भी देश को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकते हैं। आज के इस दिन, हम शपथ लें कि अपने देश को और भी प्रगति की ओर ले जाएँगे और इसे एक ऐसा गणराज्य बनाएँगे, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो।आप सभी का यहाँ उपस्थित होना इस बात का प्रमाण है कि हम सब अपने देश के प्रति प्रेम और कर्तव्य से जुड़े हुए हैं। एक बार फिर, आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के परिवार उपस्थित हुए इस महाविद्यालय में उपस्थित झारखंड विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास राय, झारखंड कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य मिथिलेश कुमार, झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज झुमरी तिलैया के प्राचार्य अजय कुमार यादव, प्रोफेसर अजय भट्टाचार्य, नीरज कुमार सिंह, अमित कुमार, प्रोफेसर सुप्रिया सिंह, प्रोफेसर महजबी प्रवीण, प्रोफेसर नीलम कुमारी, समीम खान, अमित कुमार, ललन कुमार, परसों कुमार, मनोरमा कुमारी, धनेश्वर महतो, सीता देवी, राजकुमार पांडे व अन्य उपस्थित रहे।

# देवघर में सड़क निर्माण को लेकर घरों पर चला बुलडोजर, प्रदर्शन

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर:** जिले के मोहनपुर प्रखंड के तीर नगर, घोड़मारा, खरगडीहा में नेशनल हाइवे बनाने के लिए सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण किया गया। लेकिन कई लोगों को मुआवजा नहीं मिला है। अब उनके घर तोड़े जा रहे हैं, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।
दरअसल मोहनपुर प्रखंड स्थित तीर नगर, घोरमारा, खरगडीहा में रहने वाले सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि बिना नोटिस के ही घर तोड़ा जा रहा है। जिससे कई लोगों को लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ। लेकिन जिला प्रशासन इस पर कुछ भी जवाब देने से बचते नजर आ रही है।
अपना घर टूटने के बाद स्थानीय लोग जिला प्रशासन और नेशनल हाइवे के अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं कि बिना मुआवजा दिए ही जबरदस्ती जमीन अधिग्रहण कर लोगों को परेशान किया जा रहा है।
ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिना नोटिस दिए ही कई परिवारों की जमीन जबरन अधिग्रहण की जा रही है। जिसमें जिला प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय पुलिस और नेशनल हाईवे के अधिकारी भी शामिल हैं। जमीन अधिग्रहण के दौरान नुकसान के शिकार हुए रामकुमार बरनवाल ने बताया कि एक तो बिना नोटिस के मकान तोड़ा जा रहा है और जब स्थानीय लोग अपने सामान को बचाने के लिए समय मांग रहे हैं तो अधिकारी जबरदस्ती लोगों का मकान खाली करवाकर बुलडोजर से तोड़ रहे हैं। जिस कारण सैकड़ों परिवारों के महंगे सामान बर्बाद हो गए हैं।
अधिकारियों की कार्रवाई को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तीरनगर के समीप नेशनल हाइवे पर धरना प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन एवं देवघर के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं लोगों की परेशानी को देखते हुए स्थानीय नेता ने बताया कि जिस तरह से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। वैसे में अब विरोध प्रदर्शन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। यदि सरकार मुआवजा नहीं देती है तो यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं लोगों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस भी पहुंची है और आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है।
इस पूरे मामले पर देवघर के एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि सभी को पहले ही नोटिस और अनाउंसमेंट के माध्यम से सूचित किया गया था। लेकिन इसके बावजूद लोग मकान खाली नहीं कर रहे थे। इसीलिए जिला प्रशासन की तरफ से इस तरह की कार्रवाई की गई है, ताकि जिले के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण बिना किसी अवरोध के हो सके।

# पाकुड़ में लगी प्रदर्शनी में अपने उत्पाद के साथ पहुंचे प्रगतिशील किसान, डीसी ने किया सम्मानित



**पाकुड़ः** कृषि विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर मैदान में जिलास्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन डीसी मनीष कुमार ने किया। आयोजित प्रदर्शनी में अपने अपने उत्पाद के साथ सैकड़ों प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। मेला सह प्रदर्शनी के मौके पर मौजूद किसानों को कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि पदाधिकारियों द्वारा नई तकनीक से खेती करने, जैविक खाद बनाने, मिट्टी की जांच कराने, रसायनिक खादों से होने वाले नुकसान, कम लागत में अधिक उपज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। मौजूद किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली मदद एवं संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया गया और इसका लाभ उठाने की अपील की गयी। कृषि विभाग ने ड्रोन के जरिये कृषि के तरीकों को भी बताया। इस मौके पर मौजूद किसानों ने अपने अपने अनुभवों को साझा भी किया। किसानों द्वारा फल, सब्जी, फूल आदि तथा उपजाये गये फसलों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। स्टॉल के जरिये किसानों को कृषि, मत्स्य, पशुपालन, गव्य आदि विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। मौके पर बेहतर उपज करने वाले किसानो को डीसी मनीष कुमार सहित वहां पर मौजूद अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कई किसानों को ट्रैक्टर, पंप सेट आदि उपकरण भी दिये गये। किसानों को मछली पालन, गो पालन, बकरी पालन के जरिये आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित भी किया गया। मेला सह प्रदर्शनी में पहुंचे प्रगतिशील किसानों को अधिकारियों ने सम्मानित कर हौसला अफजाई करते हुए उन्हें कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने एवं अन्य किसानों को सहयोग करने की अपील की।

# बाबा साहेब सम्मान समारोह का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज:** प्रखंड के लालबथानी गांव में बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च का समारोह आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान वही बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम के नेतृत्व में किया गया।देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के ऊपर गलत टिप्पणी कर अपमान किया गया है।जिसे देशवासी सहन नहीं करेंगे।सम्मान मार्च में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।ज़िला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि देश संविधान से चलेगा,भाजपा सरकार संविधान को नकारकर कर संविधान निमार्ता अंबेडकर जी का अपमान कर रही है।डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कांग्रेस नहीं सहेगा।सम्मान मार्च में जय भीम जय संविधान कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना होगा देना होगा के नारे लगाए गए।मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष मो० कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव युवा जिलाध्यक्ष एखलक नदीम, सचिव अजफर अहमद, रिजवान,अबदूर रहीम, मुख्तार अहमद, इरफान अली, अफ्फान, हबीबु र्रहमान, जहांगीर आलम वाहिद, मोईदूर रहमान, शमसुल हक कमरूजमा, ईफतेखर आलम, आदि उपस्थित रहे।

# प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साहिबगंज जिले में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी, 2025 के पूर्व संध्या को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों को नन्हा पौधा देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक था। कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ, जो भारतीय संस्कृति में पवित्रता और शुभता का प्रतीक है।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और गायन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कन्या, जवाहर नवोदय विद्यालय, साहेबगंज, राजकीय उच्च विद्यालय, नगर पालिका साहिबगंज, कस्तूरबा विद्यालय, साहेबगंज के जी बी भी संत टेरेसा एकेडेमी, संत जोसेफ एकेडेमी, राजकीय बुनियादी विद्यालय अदरो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ , और उर्दू मध्य विद्यालय, साहेबगंज सहित कई विद्यालय शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित नाटक और गीत बेहद प्रेरणादायक रहे। दर्शकों ने हर प्रस्तुति की जमकर सराहना की। पुरस्कार वितरणप्रतियोगिता में संत टेरेसा एकेडेमी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय बुनियादी विद्यालय अदरो ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय, साहेबगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति

जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश संजय उपाध्याय ने अपने संबोधन में बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, और अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार भी विशेष रूप से उपस्थित थे।इसके अलावा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छोटेश्वर दास, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जेएसएलपीएस डीपीएम मार्टिन तारीख, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, सदर एसडीपीओ किशोरी तिर्की, और जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। देशभक्ति और जागरूकता का संदेश कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद करते हुए देशभक्ति के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, और समाज सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई गई।इस आयोजन ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सामाजिक संदेश देने का एक अनूठा मंच प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि साहेबगंज जिले के विद्यार्थी और शिक्षण संस्थान न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी हैं।गणतंत्र दिवस का यह भव्य समारोह जिले के लिए यादगार बन गया और सभी उपस्थित लोग इसे लेकर उत्साहित और प्रेरित नजर आए।

# JHARKHAND EDUCATIONAL & CULTURAL DEVELOPMENT SOCIETY

Telaiya Basti, Jhumri Telaiya, Dist.-Koderma-825409 (Jharkhand), Ph.: 06534-298006, 9431224775, 7766077346

RUN

## JHARKHAND TEACHER'S TRAINING COLLEGE

JHUMRI TELAIYA, KODERMA NAAC GRADE- 'B'
Approved by govt of jharkhand,Ranchi NAAC Grade B
Ph.: 06534-227007, 226007, Email : jttckoderma10@gmail.com
B.Ed/D.El.Ed through Combined Entrance Test




Dr. Ajay Yadav
Principal,
Ph.no- 7985211285
Assistant Admission Coordinator-7488603776
Head Clerk - 9123471419
Office No - 7766077346

## JHARKHAND EVENING (DEGREE) COLLEGE

JHUMRI TELAIYA, KODERMA
Affiliated By Vinoba Bhave Hazaribag & Approved By Govt Of Jharkhand, Ranchi
Ph.: 06534-227007, 226007, Email : jeckoderma@gmail.com




Prof. In.Charge S.B. Mishra, 7394889030 | Dr. Manish Pankaj Principal, 8825318149 | Head Clerk 6205728821

## JHARKHAND VIDHI MAHAVIDYALAYA

JHUMRI TELAIYA, KODERMA NAAC GRADE- 'B'
Recognised By BCI, New Delhi, & Affiliated To Vinoba Bhave University & Approved By Govt.of Jharkhand,ranchi
Ph. : 06534-226492, Email : jharkhandvidhimahavidyalaya@gmail.com




Admission Application is going on through Chancellors Portal

LLB- 3yrs I BA.LLB- 5 yrs

Prof. (Dr.) Vikas Rai Principal, 7004195463
Coordinator 9199029156 | Head Clerk 9934421032
Dr. D.N. Mishra
Chairman, Jharkhand Educational & Cultural Development Society

## JHARKHAND COLLEGE OF PHARMACY

Recognized by : Pharmacy Council of India, New Delhi
Affiliated / Approved by: Ministry of Health & Family Welfare Govt. of Jharkhand, Ranchi
Under the Aegis of JECDS Koderma / AP Memorial Trust H.C. -9658834679




ADMISSION OPEN SESSION 2023-25
Diploma in Pharmacy (D.Pharma)
Principal 8789071860
Arman Hussin Coordinator 9835756733
Ujjawal Kumar Asstt. Co-ord 9658834679

Bishunpur Ashram Road, Jhumri Telaiya, Koderma (Jharkhand)
Mob.: 9771639806, 06534 298006, 94312 24775, 6203037810, 9546829901
E-mail: jharkhandcollegeofpharmacy@gmail.com I Website : www.jharkhandcollegeofpharmacy.com

- Efficient teaching faculty.
- Library equipped with latest published books.
- E-labrary with net connectivity.
- Free-wifi zone
- Smart class teaching method adopted.
- Bus facility available.


# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


DAPS
DAR-AL-ARQAM
PUBLIC SCHOOL

समस्त भारतवासियों को गणतंत्र दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं
निदेशक : समीम अंसारी
प्रधानाध्यापिका -फरहाना परवीन
दार -अल - अरकम पब्लिक स्कूल कंदरी,मांडर (रॉंची )



## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






अमेरिकन पब्लिक स्कूल मांडर



## Happy Republic Day

WITH COMPLIMENT FROM

ADITYA BIRLA
HINDALCO

HINDALCO INDUSTRIES LIMITED
MURI WORKS: CHOTA MURI
DISTRICT: RANCHI JHARKHAND



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उप प्रमुख मांडर
अमानत अंसारी



## Constant Lievens Hospital & Research Centre

Mandar, Ranchi, Jharkhand-835214




Your Health is our priority

- पूरी तरह सुसज्जित 150 बिस्तरों वाला अस्पताल
- 24x7 डॉक्टरों की उपलब्धता
- पूरी तरह से सुसज्जित आई.सी.यू.
- पूरी तरह से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
- हड्डी एवं सामान्य शल्य चिकित्सा
- उन्नत प्रसूति एवं प्रसूति रोग उपचार
- पूरी तरह से सुसज्जित एन.आई.सी.यू.
- पूर्ण दन्त चिकित्सीय देखभाल
- पूरी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला।
- दवाखाना एवं दवा वितरण।
- डिजीटल एक्स-रे एवं उन्नत यू.एस.जी.
- 24x7 एम्बुलेन्स सुविधा।



Fr. George Msfs
Director

CLHRC...Towards a Holistic Health Care...



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डीएवी पब्लिक स्कूल
कंदरी मांडर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कीर्ति सिंह मुण्डा
सीपीएम प्रत्याशी
माण्डर विधानसभा



## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

OXBRIDGE SCHOOL

Oxbridge School
Mander, Ranchi.





# आयुष्मान खुराना को बनाया गया फिक्की फ्रेम्स का एंबेसडर

**फिक्की** फ्रेम्स ने इस साल अपनी 25वीं वर्षगांठ के मौके पर बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इस बार सम्मेलन की थीम 'राइज- इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और एक्सीलेंस को फिर से परिभाषित करना' है, जो कहानियों को आकार देने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और मीडिया और मनोरंजन उद्योग के विकास को आगे बढ़ाने में फिक्की फ्रेम्स के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालता है।



यह कार्यक्रम मुंबई में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, और इसमें दुनिया भर के प्रभावशाली व्यक्तित्व, रचनात्मक पेशेवर और नीति निर्माता उभरते रुझानों, नए तकनीकों और मनोरंजन परिदृश्य में प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होते हैं। इसमें मुख्य भाषण, बी2बी मीटिंग, मास्टर क्लास, पॉलिसी राउंड टेबल, सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फ्रेम पुरस्कार (बीएएफ), वैश्विक सामग्री बाजार, प्रदर्शनियां और वाइब्रेंट कल्चरल इवनिंग जैसे कई फॉर्मेट शामिल हैं। उल्लेखनीय वैश्विक हस्तियों ने अतीत में एफआईसीसीआई फ्रेम की शोभा बढ़ाई है, जिसमें हॉलीवुड के सितारे जैसे प्रशंसित एक्टर और मानवतावादी ह्यू ग जैकमैन; 21वीं सदी के फॉक्स के सीईओ जेम्स मर्डोक; मोशन पिक्चर एसोसिएशन ऑफ अमेरिका (एमपीएए) के अध्यक्ष चार्ल्स एच. रिवकिन; और नेशनल जियोग्राफिक पार्टनर्स के अध्यक्ष गैरी नेल शामिल हैं।

अन्य दिग्गजों में पूर्व संघीय संचार आयोग आयुक्त अजीत पई, बीबीसी ग्लोबल न्यूज के सीईओ जिम एगन और डिस्कवरी नेटवर्क इंटरनेशनल के अध्यक्ष जेबी पेरेट शामिल हैं। फिक्की फ्रेम्स के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा, फिक्की फ्रेम्स के रजत जयंती वर्ष में इसके पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं चंडीगढ़ से मुंबई आया था और मेरी आंखों में सिर्फ सपने थे, इसलिए मैंने कभी इस अविश्वसनीय यात्रा की कल्पना नहीं की थी, जहां मेरे काम ने न केवल लोगों के जीवन को छुआ है, बल्कि यह भारत की समृद्ध पॉप संस्कृति का भी हिस्सा बन गया है। अपनी नई भूमिका में, मैं असाधारण फिक्की टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, ताकि व्यवधान को बढ़ावा दिया जा सके, नवाचार का जश्न मनाया जा सके और हमारे उद्योग द्वारा लगातार पेश की जाने वाली उत्कृष्टता को उजागर किया जा सके। फिक्की मीडिया और मनोरंजन समिति के अध्यक्ष और जियो स्टार एंटरटेनमेंट के सीईओ केविन वाज ने कहा, फिक्की फ्रेम्स का रजत जयंती संस्करण उत्कृष्टता के 25 वर्षों का उत्सव है और भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग को आकार देने में हमने जो विरासत बनाई है, उसके लिए एक श्रद्धांजलि है। आयुष्मान खुराना, रचनात्मकता, नवाचार और दर्शकों के साथ जुड़ाव की अपनी अविश्वसनीय यात्रा के साथ, फिक्की फ्रेम्स के मूल सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका जुड़ाव इस मील के पत्थर के आयोजन को और ऊंचा उठाएगा और कहानीकारों और रचनाकारों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

# बिना शादी के अकेले जिंदगी बिताना चाहती हैं शिल्पा शिंदे

**बिग** बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया वो शादी नहीं करना चाहती और पूरी जिंदगी अकेले बिताना पसंद करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सही इंसान मिला, तो जरूर शादी कर लेंगी। एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने टेली टॉक को दिए इंटरव्यू के दौरान अपने मैरिज प्लान को लेकर बातचीत की है। एक्ट्रेस ने कहा- मैंने अपने आप को कभी ब्लॉक नहीं किया कि मुझे अकेला ही रहना है। मैंने ये भी नहीं सोचा कि मुझे किसी से शादी ही करनी है।

अगर मुझे लगता है कि कोई सही इंसान मिला, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी। शिल्पा शिंदे ने आगे बताया- मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो लिविंग रिलेशनशिप में रहने के बाद भी उसे रिलेशनशिप का नाम ना दे। अगर ऐसा कोई रिश्ता है तो उसे एक नाम देना चाहिए, लेकिन यह नहीं मानती कि शादी सबकुछ है। आज कल लोग शादी का मतलब ही नहीं समझते। पति-पत्नी के बीच काम्पिटिशन शुरू हो गया है।

बता दें कि शिल्पा शिंदे की टीवी एक्टर रोमित राज संग सगाई हुई थी, हालांकि कुछ समय बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए। शिल्पा और रोमित राज की मुलाकात सीरियल मायका (2007-2009) के दौरान हुई थी। रोमित उम्र में शिल्पा से तीन साल छोटे थे। दोनों में प्यार हुआ और फिर 2009 में दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने 29 नवंबर 2009 को गोवा में शादी करने का फैसला किया था, लेकिन शादी से दो दिन पहले ही शिल्पा ने शादी न करने का फैसला किया था।

### राहिल आजम के साथ भी जुड़ा था नाम

इससे पहले शिल्पा शिंदे का नाम राहिल आजम के साथ जुड़ा था। राहिल और शिल्पा ने सबसे पहले सीरियल भाभी (2002-2008) में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों सीरियल हातिम (2003) में भी नजर आए थे। कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों आपसी सहमति से अलग हो गए थे।

## एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने किया खुलासा

# बताया कैसे 'बेबी' में सात मिनट के रोल ने बदल दिया उनका करियर

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने हाल ही में अपने करियर के उस महत्वपूर्ण पल को याद किया, जब 2015 की फिल्म बेबी में एक छोटी लेकिन प्रभावशाली भूमिका ने इंडस्ट्री में उनकी राह को आकार देने में मदद की थी। फिल्म के 10 साल पूरे होने के अवसर पर, एक्ट्रेस ने शेयर किया कि फिल्म में 7 मिनट का सीन एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और उनके करियर को एक बेहतर आकार दिया। अपने प्रतिष्ठित सात मिनट की उपस्थिति पर विचार करते हुए,तापसी ने शेयर किया, ÷प्रिय अभिनेताओं, मिनटों की संख्या मायने नहीं रखती है, आप उन मिनटों में जो करते हैं, उससे जो प्रभाव छोड़ते हैं, वह मायने रखता है। सात मिनट, जिसने मेरे लिए करियर की दिशा को हमेशा के लिए बदल दिया। आपका सच्चा, नाम शबाना। बेबी में शबाना के रूप में अपनी शानदार भूमिका के बाद, तापसी ने 2017 में रिलीज हुई फिल्म नाम शबाना में चरित्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जहां उनके एक्शन से भरपूर प्रदर्शन की बहुत तारीफ हुई। 37 वर्षीय एक्ट्रेस अमिताभ बच्चन के साथ पिंक और अक्षय कुमार के साथ मिशन मंगल जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी पन्नू अगली बार आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म गांधारी में दिखाई देंगी, जहां वह अपने अपहरण हुए बच्चे को बचाने के लिए मिशन पर एक मां की भूमिका निभा रही हैं। इस भूमिका के लिए अभिनेत्री ने कथित तौर पर फिल्म में उच्च-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को करने के लिए एरियल योग और स्ट्रेंथ कंडीशनिंग की ट्रेनिंग भी ली है। पिछले महीने, पन्नू ने कई फोटो शेयर करके फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी। फोटो में वह कलाकारों और क्रू के साथ क्लैपबोर्ड के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया,भगवान, मेरी प्रार्थना स्वीकार करें ताकि मैं अच्छे कर्म करने से कभी विचलित न हो पाऊं। जब मैं युद्ध में जाऊं तो मुझे दुश्मन का कोई डर न हो और दृढ़ संकल्प के साथ मैं विजयी हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपकी स्तुति गाना सिखाऊं और जब समय आए, तो युद्ध के मैदान में मैं वीरता पूर्वक लड़ते हुए मरूं। गांधारी।

# सैफ अली खान को ट्रोल करने वालों को पूजा भट्ट का करारा जवाब

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। डिस्चार्ज होने के बाद खुद चलकर अपने घर आए। अभिनेता ने व्हील चेयर पर न आकर खुद चलकर आए। इसे लेकर लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। इस पर अब पूजा भट्ट ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। साथ ही उनके धैर्य की सराहना भी की है।



### सैफ अली खान को किया ट्रोल

पूजा भट्ट ने कहा कि सैफ अली खान को छुट्टी मिलने के बाद उन्हें लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कमजोर स्थिति में मदद मांगने के लिए कितनी ताकत की जरूरत होती है और ठीक होने के लिए उनके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की।

### दिया साहस का परिचय

पूजा भट्ट ने कहा, लेकिन क्या ये लोग यह नहीं भूलते कि उन्होंने अस्पताल में खुद चलकर जाने के लिए भी उनकी प्रशंसा की थी? एक व्यक्ति जो घायल, दर्दनाक स्थिति में खुद को अस्पताल में भर्ती कराता है, निश्चित रूप से उसके पास खुद अस्पताल से बाहर निकलने का साहस होता है। हमें साजिश रचने वालों का सहारा लेने के बजाय इसकी सराहना करनी चाहिए।



# एक साथ फिल्माई जाएंगी मिर्जापुर फिल्म और सीरीज

### इस दिन से शूटिंग शुरू करेंगे पंकज त्रिपाठी-अली फजल

पिछले साल अक्तूबर में निर्माताओं ने मिर्जापुर- द फिल्म की घोषणा की, जिससे लोकप्रिय क्राइम ड्रामा पहली ओटीटी सीरीज बन गई, जिसे एक फिल्म के रूप में भी बनाया जाएगा। वहीं, अब इस सीरीज की शूटिंग को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा अभिनीत सीरीज के चौथे सीजन की शूटिंग सितंबर 2025 से एक साथ की जाएगी।

एक फिल्म और एक सीरीज को एक साथ शूट करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माताओं ने यह मानते हुए योजना बनाई कि कथात्मक में निरंतरता होगी। साथ ही तारीखों का भी अच्छी तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। दिव्येंदु, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल और विजय वर्मा सहित अभिनेताओं से पहले ही बल्क डेट्स ले ली गई हैं। टीम उनकी तारीखों को सही तरीके से इस्तेमाल करने की योजना बनाने में कामयाब रही है, चूंकि उनसे बार-बार तारीखें लेना समझदारी नहीं है, इसलिए निर्माताओं ने दोनों प्रोजेक्ट्स को एक साथ शूट करने का फैसला किया है।

### उत्तर प्रदेश में होगी शूटिंग

अगर सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो शूटिंग उत्तर प्रदेश में शुरू होगी। इसका एक हिस्सा मुंबई में भी फिल्माया जाएगा। कलाकारों और क्रू के लिए एक ही समय में दो अलग-अलग प्रारूपों पर काम करना एक रोमांचक चुनौती होगी। गुरमीत इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जिसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है, जो शो के निर्माता के रूप में काम करते हैं।

# वीर पहाड़िया ने स्काईफोर्स के लिए ली जान्हवी कपूर से सलाह, बोले मैं ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ता


अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म स्काईफोर्स में वीर पहाड़िया बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। वीर अपने इंडस्ट्री के दोस्तों और करीब परिवार जान्हवी कपूर से टिप्स लेते रहते हैं। उन्होंने इस बारे में अब खुलकर बात की है। उभरते हुए अभिनेता ने अपने भाई की गर्लफ्रेंड से टिप्स लेने की बात स्वीकार की और कहा मैं उनसे कोई भी सलाह मांगने का मौका नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा, मेरे सभी दोस्त अभिनेता हैं, मैं उनसे कोई भी सलाह लेने का मौका नहीं छोड़ता। और वह काफी अनुभवी हैं। तो हां, मैंने तो कई सारी चीजों को लेकर बात की है।

### दोस्तों से सलाह लेते हैं अभिनेता

अपनी आगामी फिल्म स्काईफोर्स को लेकर वीर पहाड़िया ने बात की है। उन्होंने कहा कि फिल्म गुंजन सक्सेना में भी जान्हवी ने एक कारगिल गर्ल का किरदार निभाया है, ठीक वैसे ही आगामी एक्शन फिल्म निभाने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने जान्हवी कपूर से सलाह ली थी।

### शेयर किया फिल्म का किस्सा

वीर पहाड़िया कहते हैं, 'मैं फाइटर प्लेन के कॉकपिट में बैठा था, मेरा चेहरा पूरी तरह से कवर था। उस वक्त मुझे अज्जामद बोपय्या देवय्या जी के साहस, जुनून का अहसास हुआ। मैंने जैसे ही फिल्म का यह आखिरी सीन शूट किया, मैं डायरेक्टर को पकड़ कर खूब रोया। अज्जामद बोपय्या देवय्या ने देश के लिए जो बलिदान दिया, मुझे उस भावना के कारण रोना आया।'



### किरदार निभाने में लगा डर

वीर पहाड़िया आगे कहते हैं, 'स्क्वाड्रन लीडर अज्जामद बोपय्या देवय्या का किरदार निभाने को लेकर मैं डर हुआ था। उनकी शख्सियत बहुत बड़ी है, उनके बारे में काफी कुछ कहा और लिखा गया। ऐसे में उनके किरदार को पर्दे पर निभाना मेरे लिए किसी चैलेंज से कम नहीं रहा।'

**ऑस्ट्रेलियन ओपनः** दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल खेल रहीं मेडिसन कीज से भिड़ेंगी

# तीसरे खिताब से एक कदम दूर सबालेंका

**मेलबर्न, एजेंसी।** कीज का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। 2017 के यूएस ओपन के फाइनल में खेलने वाली कीज इससे पहले दो बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। कीज ने बड़ा उलटफेर किया। इगा ने इस हार से पहले टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया था। शीर्ष वरीय बेलारूस की आर्यना सबालेंका लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब से सिर्फ एक कदम दूर कर खड़ी हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में स्पेन की अपनी गहरी दोस्त पाउला बदोसा को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। अगर सबालेंका फाइनल जीतने में सफल रहती हैं तो तीन लगातार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाली इस सदी की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी होंगी। अंतिम बार स्विट्जरलैंड की मार्टिना हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह टूर्नामेंट जीता था।



### ...तो दिग्गजों की श्रेणी में हो जाएंगी शामिल

26 वर्षीय सबालेंका अगर फाइनल जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह लगातार तीन बार यह खिताब जीतने वाले मार्गरेट कोर्ट स्मिथ (1969-71), इवाना गुलागोंग (1974-1976), स्टेफी ग्राफ (1988-1990), मोनिका सेलेस (1991-1993) जैसे दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो जाएंगी। सबालेंका और बदोसा अच्छी दोस्त हैं। सबालेंका ने कहा, वह एक या दो दिन मुझसे गुस्से में रहेगी, लेकिन उसके बाद हम फिर दोस्त हो जाएंगे और साथ में खरीदारी करने जाएंगे। मैं वायदा करती हूं कि वह कुछ भी मांगेगी, मैं उसका भुगतान करूंगी। बदोसा ने कहा, सबालेंका आज ऐसा खेली कि कुछ भी छूती वह चीज सोने की हो जाती। सबालेंका ने पूरे मैच मे 32 विनर्स लगाए।

### तीसरे खिताब के लिए कुछ भी छोड़ने को तैयार

सबालेंका ने मैच की शुरुआत धीमी की। वह शुरुआत में ही 0-2 से पिछड़ गईं, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए बदोसा को फिर कोई मौका नहीं दिया। सबालेंका ने कहा, वह लगातार तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के लिए कुछ भी छोड़ने को तैयार हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने यह सपना भी नहीं देखा था। मैंने कम से कम एक ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना देखा था, लेकिन मेरे सामने अब लगातार तीन ग्रैंडस्लैम जीतने का मौका है।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा तोड़ना और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**विजयनगर (कर्नाटक), एजेंसी।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ट्रिपल जम्प खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस




स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं।

यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।

**पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का खुलासा...**

# 'गौतम गंभीर मुझे बिना वजह डांटते थे, गाली भी देते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय खिलाड़ी मनोज तिवारी के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। साल 2015 में दिल्ली और बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान दोनों के बीच काफी कहासुनी हो गई थी। मनोज तिवारी ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जब वह और गौतम गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे, उस दौरान भी कई बार ऐसी घटनाएं हुई थीं, जिसकी परिणति 2015 में हुई थी।



मनोज तिवारी ने बात करते हुए कहा, 'मुझे बिना किसी कारण के डांटा जाता था। मुझे समझ में नहीं आता था कि वह मुझे क्यों निशाना बनाते हैं। जब मैं 2010 में केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) में आया तब वह और मैं अच्छे से घुलमिल गए थे। लेकिन फिर वह अचानक मुझ पर अपना आपा खो देते थे। वह बहुत ही आहत करने वाले शब्दों का इस्तेमाल करते थे। मां-बहन की गाली देते थे। फिर, जब मैंने इसके बारे में सोचना शुरू किया, तो मुझे अहसास हुआ कि केकेआर के सभी स्थानीय लड़कों में से मैं ही एक ऐसा था जो लगातार अच्छा प्रदर्शन करता था। चूंकि मैं एक होनहार युवा था, इसलिए मीडिया मुझे तवज्जो दे रहा था।

# वीरेंद्र सहवाग की शादी भी टूटने की कगार पर?



### पत्नी से अलग रह रहे विस्फोटक बल्लेबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटरों के लिए पिछले कुछ महीने निजी तौर पर अच्छे नहीं गुजर रहे हैं. पिछले साल हार्दिक पंड्या का तलाक हुआ था. वहीं पिछले कुछ दिनों से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के भी अलग होने की खबरें लगातार आ रही हैं. अब ऐसा ही बड़ा दावा पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को लेकर भी किया जा रहा है. एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सहवाग और उनकी पत्नी आरती का करीब 21 साल लंबा रिश्ता टूटने की कगार पर है और दोनों ही एक-दूसरे से अलग रह रहे हैं. वीरेंद्र सहवाग और आरती की शादी 2004 में हुई थी लेकिन अब करीब 21 साल के बाद दोनों का रिश्ता टूटता हुआ दिख रहा है. दोनों ने ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर लिया है. यहां तक कि सहवाग की हालिया पोस्ट और अपडेट्स में भी पत्नी के साथ कोई तस्वीर नहीं आई है. यहां तक कि दीवाली में भी उन्होंने सिर्फ बच्चों और मां के साथ फोटो पोस्ट की थीं, जबकि उनकी पत्नी नहीं दिखी थी.

### परिवार नहीं था राजी, फिर ऐसे हुई शादी

टीम इंडिया के लिए 1999 में अपना इंटरनेशनल करियर शुरू करने वाले वीरेंद्र सहवाग ने अप्रैल 2004 में आरती अहलावत से शादी की थी. दोनों की ये लव मैरिज थी, जिसको लेकर परिवारों में सहमति नहीं थी. इसकी वजह दोनों परिवारों में दूर की रिश्तेदारी थी. हालांकि किसी तरह दोनों ने अपने-अपने परिवारों को शादी के लिए राजी किया और फिर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के आवास पर दोनों की शानदार अंदाज में शादी हुई थी. इस शादी ने खूब चर्चा बटोरी थी. उनकी शादी मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ लगाए तिहरे शतक के एक महीने के अंदर हुई थी, जिसके चलते हर किसी की ओर इसका ध्यान ज्यादा था.

# समर कार्यक्रम

आओ मिलकर कुपोषण मिटाएं,
पोषण-स्वास्थ्य-समृद्धि की ओर कदम बढ़ाएं

समर
पोषण - स्वास्थ्य - समृद्धि

कुपोषण मुक्त झारखण्ड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मांडर जिला परिषद

**बिनोदित तिग्गा एवं समाजसेवी रबूल अंसारी**

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मातृ छाया नर्सिंग होम की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।




निवेदक - **श्री बिष्णु महतो**
निदेशक
गोला रोड मुरी रांची।

नोट (गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष )

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सिल्ली अंचल की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली- मुरी समेत पूरे भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।



निवेदक -
**श्रीमती अरुणिमा एक्का**
सीओ
सिल्ली प्रखंड।

नोट-(कार्य संचालन में पारदर्शिता)

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सिल्ली प्रखंड की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।



निवेदक -
**श्री अनिल कुमार**
बीडीओ ,सिल्ली प्रखंड।

नोट-(भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं)

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**राहुल कुमार थाना प्रभारी मांडर**

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्राथमिक मध्य विद्यालय, ग्राम विकास सिल्ली परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की सिल्ली -मुरी समेत पूरे भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।



निवेदक : **श्री सुधांश रंजन**
प्रधानाचार्य ग्राम विकास मध्य विद्यालय।
सिल्ली।

नोट (शिक्षा शेरनी का वो दूध है जो पीयेगा वो दहाड़ेगा)

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राहत नर्सिंग होम परिवार की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जयहिंद।




निवेदक : **श्री डॉक्टर मेजर मदन**
साहेब बांध सिल्ली ।

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सोनाली मैरेज हाल और द विलेज रिसार्ट एंड बैंक्वेट की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सिल्ली मुरी समेत पूरे भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।



निवेदक
**श्री मृत्युंजय महतो**
प्रोप्राइटर,सिल्ली मुरी।

नोट (शादी विवाह एवं अन्य कार्य के लिए एयरकंडीशन रुम,हॉल उपलब्ध है)

vedanta transforming for good | ESL STEEL LIMITED

जीवन के हर मोड़ पर,

# नन्द घर से लेकर आरोग्य तक

बचपन से लेकर आजीविका को सशक्त बनाने तक, वेदांता ईएसएल जीवन के हर चरण को मजबूत बनाता है और एक बेहतर झारखंड बना रहा है।




#बेहतरझारखंड